इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

# मध्यप्रदेश राजपत्र

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 27] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 2 जुलाई 2021—आषाढ़ 11, शक 1943

# भाग 3 ( 1 )

## विज्ञापन

## स्थानीय संस्थाओं की सूचनाएं

### कार्यालय, जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

जबलपुर, दिनांक 22 जून 2021

**प्राधिकरण की योजना क्रमांक-11 द्वि. च. ( ग्राम लक्ष्मीपुर ) अंतर्गत तत्समय ग्रीन बेल्ट ( वर्तमान आवासीय ) की तत्समय त्रुटिवश राजपत्र में दिनांक 5 अक्टूबर 1979 को धारा 71( 2 ) के तहत् प्रकाशित भूमि के डीनोटिफिकेशन की सूचना**

क्र. जविप्रा-2021-भू-अर्जन-55.—तत्कालीन नगर सुधार न्यास ( वर्तमान जबलपुर विकास प्राधिकरण) की धारा 71( 2) के तहत् मध्यप्रदेश राजपत्र में दिनांक 5 अक्टूबर 1979 को योजना क्रमांक-11 द्वि. च. की भूमियों का अंतिम प्रकाशन किया गया था, जिसमें तत्समय की ग्रीन बेल्ट (वर्तमान आवासीय) की निम्नलिखित 21.530 हेक्टेयर भूमि का भी त्रुटिवश प्रकाशन कर दिया गया था. माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में तथा राज्य शासन द्वारा प्रश्नाधीन भूमि को डीनोटिफाईड करने हेतु दी गई अनुमति अनुसार एवं प्राधिकारी बोर्ड निर्णय क्रमांक 2546, दिनांक 15 मार्च 2021 के परिपालनार्थ, जबलपुर विकास प्राधिकरण निम्नलिखित त्रुटिवश प्रकाशित भूमियों को योजना क्रमांक-11 द्वि. च. से डीनोटिफाईड करता है. तदाशय हेतु सर्वसम्बन्धित को सूचित हो.

| क्र. | खसरा नं. | रकबा (हेक्टे. में) | तत्समय के भूमिस्वामियों के नाम |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | 15 | 0.073 | केतकी बाई |
| 2 | 16 | 0.219 | अरूण कुमार |
| 3 | 17 | 0.214 | अरूण कुमार |
| 4 | 18/1 | 0.133 | अरूण कुमार |
| 5 | 19/1 | 0.081 | नर्मदा प्रसाद |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 6 | 20 | 0.934 | बसंतलाल बगैरह |
| 7 | 21/1 | 0.874 | बसंतलाल बगैरह |
| 8 | 40/1 | 0.991 | कमला प्रसाद |
| 9 | 39/1 | 1.121 | प्रेम सिंह |
| 10 | 39/2 | 0.372 | प्रभुदयाल |
| 11 | 38/1 | 0.114 | प्रभुदयाल |
| 12 | 37/1 | 0.405 | पदम सिंह |
| 13 | 37/2 | 0.254 | संजय कुमार |
| 14 | 36 | 0.372 | प्रभुदयाल |
| 15 | 35 | 0.085 | प्रभुदयाल |
| 16 | 34/1 | 0.024 | प्रेम सिंह |
| 17 | 34/2 | 0.057 | प्रभुदयाल |
| 18 | 33 | 0.162 | प्रभुदयाल |
| 19 | 32 | 0.214 | पदम सिंह |
| 20 | 57 | 0.332 | प्रभुदयाल |
| 21 | 58 | 0.194 | प्रेम सिंह |
| 22 | 60 | 0.219 | प्रेम सिंह |
| 23 | 56/1 | 0.607 | जगदीश प्रसाद |
| 24 | 56/2 | 0.870 | रामलाल |
| 25 | 56/3 | 0.611 | योगेन्द्र कुमार |
| 26 | 56/4 | 0.263 | जगदीश कुमार |
| 27 | 56/5 | 0.263 | योगेन्द्र कुमार |
| 28 | 55/1 | 0.389 | जानकी प्रसाद |
| 29 | 54/1 | 0.161 | जगदीश प्रसाद |
| 30 | 54/2 | 0.162 | जगदीश प्रसाद |
| 31 | 54/3 | 0.169 | रामलाल |
| 32 | 53/1 | 0.041 | अंगद सिंह |
| 33 | 64/1 | 0.162 | प्रेम सिंह |
| 34 | 64/2 | 0.449 | प्रभुदयाल |
| 35 | 65 | में से 0.020 | प्रेम सिंह |
| 36 | 66 | में से 0.100 | प्रेम सिंह |
| 37 | 128/2 | 0.024 | प्रेम सिंह |
| 38 | 67 | में से 0.300 | गुलाब सिंह |
| 39 | 68/1 | 0.849 | अंगद सिंह |
| 40 | 68/2 | 1.947 | गुलाब सिंह |
| 41 | 68/3 | 0.421 | धनीराम |
| 42 | 68/4 | 0.433 | फूलमति |
| 43 | 69/1 | 0.106 | अंगद सिंह |
| 44 | 69/2 | 0.588 | गुलाब सिंह |
| 45 | 69/3 | 0.094 | धनीराम |
| 46 | 69/4 | 0.084 | फूलमति |
| 47 | 71 | 0.263 | प्रहलाद सिंह |
| 48 | 70 | 0.016 | प्रहलाद सिंह |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 49 | 72 | 1.133 | प्रहलाद सिंह |
| 50 | 73/1 | 0.170 | प्रहलाद सिंह |
| 51 | 92/1 | 0.077 | प्रहलाद सिंह |
| 52 | 90/1 | 0.094 | प्रहलाद सिंह |
| 53 | 91/1 | 0.352 | प्रहलाद सिंह |
| 54 | 95 | 0.433 | प्रहलाद सिंह |
| 55 | 89/1ख | 0.215 | प्रहलाद सिंह |
| 56 | 86 | में से 0.107 | प्रहलाद सिंह |
| 57 | 87 | में से 0.047 | प्रहलाद सिंह |
| 58 | 88 | 0.028 | प्रहलाद सिंह |
| 59 | 96 | में से 0.488 | प्रहलाद सिंह |
| 60 | 94 | में से 0.060 | प्रहलाद सिंह |
| 61 | 93 | में से 0.590 | प्रहलाद सिंह |
| 62 | 101 | में से 0.186 | गिरजाहत |
| 63 | 97/1, 2, 3 | में से 0.070 | प्रहलाद सिंह |
| 64 | 102 | में से 0.595 | मूलचंद |
| 65 | 103 | में से 0.049 | मूलचंद |
| | योग : | 21.530 | |

उक्त डीनोटिफिकेशन के उपरांत उपरोक्त खसरे एवं रकवा की भूमि को योजना क्रमांक-11 द्वि. च. का भाग नहीं माना जावे.

**( प्रशांत श्रीवास्तव )**
मुख्य कार्यपालिक अधिकारी.

(G 140A)

---

## अन्य सूचनाएं

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम रोशन कुमार वर्मा (ROSHAN KUMAR VERMA) आत्मज श्री श्याम सुन्दर वर्मा (SHYAM SUNDAR VERMA) था जिसे मैंने परिवर्तित करके रोशन बमन (ROSHAN BAMAN) कर लिया है अतः मेरे सभी शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में मुझे मेरे नये नाम रोशन बमन (ROSHAN BAMAN) आत्मज श्री श्याम सुन्दर वर्मा (SHYAM SUNDAR VERMA) के नाम से लिखा व पढ़ा जावे.

पुराना नाम
**रोशन कुमार वर्मा (ROSHAN KUMAR VERMA)**

नया नाम
**रोशन बमन (ROSHAN BAMAN)**
187/1, गली नं. 01, सर्वधर्म, बी-सेक्टर, न्यू दामखेडा, कोलार रोड, हुजूर, भोपाल-462042

(G 141)

---

### CHANGE OF NAME

I, SANJAY KUMAR GUPTA son of BASANT KUMAR GUPTA, r/o D-1 Samdariya city Madhav Nagar Ward No. 42 Acharya Kriplani Ward, Murwara Katni-483501 (M.P.) has changed my name to SANJAY KUMAR MAHESHWARI.

Old Name
SANJAY KUMAR GUPTA

New Name
SANJAY KUMAR MAHESHWARI
S/o BASANT KUMAR GUPTA

(G 142)

## जाहिर/सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार परिणीती नैय्यर पति श्री विवेक नैय्यर निवासी 168, मोती बंगला, देवास, मध्यप्रदेश का पूर्व में नाम नीतू शर्मा पिता श्री विजय शर्मा था एवं यही नाम उनकी समस्त शैक्षणिक रिकार्ड में भी दर्ज है, सामाजिक रीति रिवाज अनुसार शादी के पश्चात् नाम परिवर्तन कर परिणीती नैय्यर पति श्री विवेक नैय्यर रख लिया गया है. अब मेरी पक्षकार परिणीती नैय्यर के नाम से जानी पहचानी जावेगी. तथा भविष्य में भी इसी नाम से जानी व पहचानी जावेगी. सो सूचित हो.

स्थान : देवास
दिनांक : 11 दिसम्बर 2019

| पुराना नाम | नवीन नाम |
|---|---|
| **कुमारी नीतू शर्मा** | **परिणीति नैय्यर** |

(G 143)

---

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म सिद्धा डेवलपर्स के नाम से एक भागीदारी फर्म है जिसका पंजीयन क्रमांक 04/17/01/0230/20 वर्ष 2019-20 है. इस फर्म में दिनांक 7 अगस्त 2020 को दो भागीदार 1. श्री दिलीप चरपे पिता श्री देवराओ चरपे निवासी मकान क्रमांक 184 वार्ड क्र. 30, कोलाढ़ाना, छिंदवाड़ा एवं 2. श्रीमती संगीता चरपे पिता श्री प्रभाकर राव घोरसे, मकान क्रमांक 184, वार्ड क्र. 30, कोलाढ़ाना, छिंदवाड़ा सेवानिवृत हो रहे हैं एवं दिनांक 07 अगस्त 2020 को एसक भागीदार विवेक जैन पिता उमेश जैन, निवासी छोटीमाता वार्ड क्र. 27, छिंदवाड़ा, तहसील व जिला छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश फर्म में भागीदार के रूप में प्रवेश कर रहे हैं. अतः उक्त भागीदारी फर्म में दिनांक 07 अगस्त 2020 से संशोधन उपरांत चार साझेदार रहेंगे. उक्त फर्म का रजिस्टर्ड ऑफिस एच आई जी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश में स्थित है. सर्वसाधारण को सूचनार्थ हैं.

धन्यवाद
दिनांक 30 नवम्बर 2020.

**सुदीप कुमार द्विवेदी (भागीदार), विनेश जैन** (भागीदार)

(G 144)

---

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म में गुरूदेव एसोशिएट (M/S GURUDEV ASSOCIATES) के नाम से एक भागीदारी फर्म है. इस फर्म से दिनांक 18 मार्च 2021 से एक भागदीर (1) श्री शिव सक्सेना पिता स्व. श्री मुरारीलाल सक्सेना, निवासी कॉलेज रोड, श्रीवास्तव कॉलोनी, छिन्दवाड़ा, तह. एवं जिला छिन्दवाड़ा, (मध्यप्रदेश) निकल रहे हैं एवं उक्त भागीदारी फर्म में दिनांक 18 मार्च 2021 से दो भागीदार (1) श्री मयंक कोठारी पिता श्री हुकुमचांद कोठारी, निवासी बडवन कॉलोनी, छिन्दवाड़ा, तह. एवं जिला छिन्दवाड़ा, (मध्यप्रदेश) (2) श्री मयंक सोनी पिता श्री प्रशांत कुमार सोनी, निवासी बरारीपुरा, छिन्दवाड़ा, तह. एवं जिला छिन्दवाड़ा, (मध्यप्रदेश) शामिल हो रहे हैं. अतः उक्त भागीदारी फर्म में दिनांक 18 मार्च 2021 में संशोधन उपरांत चार साझेदार रहेंगे. उक्त फर्म का पुराना रजिस्टर्ड ऑफिस शॉप नं. 31, पाटनी कॉम्पलेक्स परासिया रोड, छिन्दवाड़ा, तह. एवं जिला छिन्दवाड़ा, (मध्यप्रदेश) था जोकि फर्म का वर्तमान पता रजिस्टर्ड ऑफिस 2nd फ्लोर शांतिनाथ टावर, शांतिनाथ विद्या मंदिर स्कूल के सामने, नागपुर रोड, छिन्दवाड़ा, तह. एवं जिला छिन्दवाड़ा, (मध्यप्रदेश) में स्थित है. सर्वसाधारण को सूचना हेतु जारी.

धन्यवाद
स्थानः छिन्दवाड़ा

**श्री रीतेश जैन** (भागीदार)

(G 145)

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स ग्लोबल डेवलपर्स जो 34 कॉस्मोवैली सिरोलरोड, मुरार, ग्वालियर है जिसका पंजीयन क्र. 02/42/01/0192/19, दिनांक 11 अक्टूबर 2019 है जिसमें दिनांक 12 दिसम्बर 2020 को भागीदार 1. श्री कृष्ण गोपाल अग्रवाल पुत्र स्व. श्री हजारी लाल अग्रवाल निवासी.—04, गीता कॉलोनी, हॉस्पीटिल रोड, ग्वालियर और 2. श्री जगदीश अग्रवाल पुत्र स्व. श्री रामजी दास अग्रवाल निवासी.—दाल बाजाल, लश्कर, ग्वालियर फर्म में नवीन भागीदार के रूप में फर्म में सम्मिलित हो गए हैं आम एवं सर्वजन सूचित हों.

**श्री अरविंद कुमार अग्रवाल** (भागीदार)
मैसर्स ग्लोबल डेवलपर्स
34 कॉस्मोवैली सिरोलरोड, मुरार, ग्वालियर

(G 146)

---

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स वनखण्डेश्वर कन्स्ट्रक्शन कम्पनी जिसका पंजीयन क्र. 02/43/07/0027/15, दिनांक 27 अप्रैल 2015 है जिसमें दिनांक 17 जून 2021 को भागीदार 1. सुनील कुमार शर्मा पुत्र श्री सुजान सिंह शर्मा, निवासी.—ग्राम बिलगांव, जौरा, मुरैना, मध्यप्रदेश 2. रामलखन पुत्र श्री रामस्वरूप, निवासी.—ग्राम मिहाना, जिला भिण्ड, मध्यप्रदेश 3. राजीव मोदी पुत्र श्री नवीन कुमार जैन मोदी, निवासी.—301 बलदेव अपार्टमेंट खेड़ापति कॉलोनी, ग्वालियर 4. राजेश पाण्डे पुत्र श्री अमन पाण्डे उम्र 43 निवासी.—सहदेव गली मीरा कॉलोनी, भिण्ड, मध्यप्रदेश 5. श्रीमती लता गुप्ता पत्नि श्री रामलखन गुप्ता, उम्र 60 निवासी.—न्यु विवेकानंद कॉलोनी, आर. के. पुरी, ग्वालियर मध्यप्रदेश 6. दलवीर सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह निवासी.—जिला भिण्ड, मध्यप्रदेश 7. धारा सिंह पुत्र श्री रामसिया उम्र 30 निवासी.—नयापुरा जामना रोड, जिला भिण्ड, मध्यप्रदेश फर्म में नवीन भागीदार के रूप में सम्मिलित हो गए हैं. आमजन एवं सर्वजन सूचित हों.

**श्री प्रवीण शर्मा** (भागीदार)
फर्म मैसर्स वनखण्डेश्वर कन्स्ट्रक्शन कम्पनी
गायत्री विहार पिण्टू पार्क, ग्वालियर

(G 147)

---

धार, दिनांक 5 मई 2021

## सूचना

आमजन को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म फेयरडील इन्टरप्राईजेस जिनका पंजीयन क्रमांक 03/28/01/0257/19 व पंजीयन दिनांक 11 फरवरी 2019 है तथा फर्म का पंजीकृत पता 10, राम मंदिर के पास, पटेल मोहल्ला, पीथमपुर, धार (म. प्र.)–454775 है जिसमें पंजीयन के समय 4 (चार) भागीदार है. (1) श्री नीरज वैष्णव पिता श्री राजेश वैष्णव, (2) श्री मोहन अग्रवाल पिता स्व. श्री मांगीलाल अग्रवाल, (3) श्री वेदांश वैष्णव पिता श्री संजय वैष्णव, (4) श्री मधुर अग्रवाल पिता श्री मोहनलाल अग्रवाल थे. दिनांक 1-4-2021 को फर्म के 2 (दो) साझेदार (1) श्री नीरज वैष्णव पिता श्री राजेश वैष्णव, (2) श्री मोहन अग्रवाल पिता स्व. श्री मांगीलाल अग्रवाल स्वेच्छा से रिटायरमेंट ले लिया है.

इस तरह वर्तमान में फर्म में 2 (दो) भागीदार शेष है जो इस प्रकार है. (1) श्री वेदांश वैष्णव पिता श्री संजय वैष्णव, (2) श्री मधुर अग्रवाल पिता श्री मोहनलाल अग्रवाल जो आमजन को सूचित किया जाता है.

**फर्म : फेयरडील इन्टरप्राईजेस**
**मधुर अग्रवाल** (भागीदार)
पता–6/2, बनीयावाड़ी, धार.

(G 148)

## धारा 72 के अन्तर्गत सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म श्री शिव खाडसारी शुगर मिल प्रशासनिक कार्यालय–''सहज वंदना'' 10, वाय. एन. रोड, इन्दौर एवं व्यवसायिक कार्यालय–ए. बी. रोड, मक्सी जिला–शाजापुर (म. प्र.) भागीदारी फर्म (पंजीयन क्रमांक 500 सन् 1976–77) में दिनांक 1–4–2021 से श्री प्रणव अग्रवाल पिता श्री पुरूषोत्तम अग्रवाल उक्त फर्म में नये भागीदार के रूप में शामिल हुए हैं जिसका उल्लेख दिनांक 10–5–2021 को निष्पादित की गई भागीदारी विलेख में किया गया है. सो विदित होवे.

**पुरूषोत्तम पिता श्री सागरमल अग्रवाल** (भागीदार)
''सहज वंदना'' 10, वाय. एन. रोड,
इन्दौर (म. प्र.).

(G 149)

---

## नाम परिवर्तन

मैं, अनीता कदम पत्नी श्री सुनील कदम सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ की मेरा घर का बोलता नाम अर्चना कदम था जो मेरे पति सुनील कदम की बीमा पॉलिसी क्रमांक 200153990 के नॉमिनी एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है वर्तमान मुझे अनीता कदम पत्नी श्री सुनील कदम के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता है और भविष्य में भी अनीता कदम के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाऊंगी एवं हस्ताक्षर करती रहूंगी. अनीता कदम एवं अर्चना कदम दोनों मेरे ही नाम हैं. अतः मेरे पति के बीमा पॉलिसी एवं अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम अर्चना कदम के स्थान पर अनीता कदम लिखा एवं पढ़ा जावे. आमजन एवं सर्वजन सूचित हों.

पुराना नाम
**अर्चना कदम**

नया नाम
**अनीता कदम पत्नी श्री सुनील कदम**
पता–बापूदण्डी की गोठ, माधौगंज, लश्कर, ग्वालियर.

(G 150)

---

## नाम परिवर्तन

मैं, कु. कुमुदनी पुत्री श्री कृष्णा सूचित करती हूँ कि मेरे पिता स्व. श्री कृष्णा के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम ममता बाई पुत्री श्री कृष्णा दर्ज है, मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में आधारकार्ड, पेनकार्ड में कु. कुमुदनी बोरकर पुत्री श्री कृष्णा राव बोरकर अंकित है, कुमुदनी बोरकर पुत्री श्री कृष्णा एवं ममता बाई एक ही व्यक्ति के नाम है.

अतः भविष्य में मुझे कु. कुमुदनी बोरकर पिता स्व. कृष्णा के नाम से जाना पहचाना जाये.

पुराना नाम
**ममता बाई**

नया नाम
**कुमारी कुमुदनी बोरकर**
मो. नं. 9981531459.

(G 151)

---

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, भारत सिंह परिहार, वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक के पद पर म. प्र. पा. ज. कं. लि., देवलोंद जिला–शहडोल में कार्यरत हूँ, परन्तु लिपिकीय त्रुटि के कारण सेवा पुस्तिका में मेरा सरनेम (तोरई) लिखा गया है, जिसे परिहार लिखा एवं पढ़ा जाये.

पुराना नाम
**( भारत सिंह तोरई )**
**S/o अमर जीत सिंह**

नया नाम
**भारत सिंह परिहार**
**S/o अमर जीत सिंह परिहार**
निवासी धौरहरा थाना नागौद जिला–सतना (म. प्र.).

(G 152)

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स वी. एस. इंडस्ट्रीज कार्यालय हाउस नं. 02, शिव विहार कॉलोनी, सागर ताल के सामने ग्वालियर (मध्यप्रदेश) 474002, दिनांक 23 सितम्बर 2019 से एक साझेदारी फर्म के रूप में कार्य कर रही है जिसका पंजीयन दिनांक 17 अक्टूबर 2019 क्र. 02/42/01/0203/19 वर्ष 2019-20, जिसका संशोधित विलेख दिनांक 28 जुलाई 2020 जिसमें लाभ-हानि अनुपात परिवर्तन हुआ जिसमें वैभव श्रीवास्तव 30%, हवा सिंह 40%, अजय कुमार 10%, रविन्द्र कुमार 10%, पिंटू यादव 10% इस संशोधन के पश्चात् पुनः संशोधित विलेख दिनांक 15 मार्च 2021 से इस प्रकार है कि श्री हवा सिंह यादव स्वेच्छा से त्याग-पत्र देकर फर्म से हट रहे हैं तथा उनके स्थान पर श्री सुमेर सिंह यादव पुत्र श्री फूल सिंह यादव फर्म में सम्मिलित हुए हैं एवं वर्तमान लाभ-हानि अनुपात इस प्रकार है श्री वैभव श्रीवास्तव 30%, अजय कुमार 15%, रविन्द्र कुमार 10%, पिंटू यादव 10%, सुमेर सिंह यादव 35%. यह जानकारी आमजन को सूचित हो.

फॉर : मैसर्स वी. एस. इंडस्ट्रीज
**वैभव श्रीवास्तव (पार्टनर)**
पता : हाउस नं. 02, शिव विहार कॉलोनी,
सागर ताल के सामने, ग्वालियर (मध्यप्रदेश)—474002.

(G-153)

---

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व मेरा नाम मुस्कान खान निवासी-एम-2, एम्पायर मेट्रो कॉलोनी, मेरीगोल्ड एन्कलेव, झलारिया, इन्दौर, मध्यप्रदेश था जिसमें आंशिक विधि-संवत परिवर्तन के बाद अब मुझे 'मुस्कान भारतीय' के नाम से जाना/पहचाना एवं संबोधित किया जावे.

पुराना नाम
**(मुस्कान खान)**

नया नाम
**(मुस्कान भारतीय)**
पता : एम-2, एम्पायर मेट्रो कॉलोनी,
मेरीगोल्ड एन्क्लेव, झलारिया, इन्दौर, मध्यप्रदेश.

(G-154)

---

## नाम परिवर्तन

विदित हो कि मैं, मंदाताई चिमोटे पति श्री सुनील कुमार चिमोटे, वार्ड क्र. 35, जयप्रकाश नारायण वार्ड, शोभापुर कॉलोनी पाथाखेड़ा, तहसील घोड़ाडोंगरी, जिला बैतूल की निवासी हूं. मेरा वास्तविक नाम मंदाताई चिमोटे है. दस्तावेजों में मेरा वास्तविक नाम मंदाताई चिमोटे है. मेरे पति श्री सुनील कुमार चिमोटे जो शोभापुर खान WCL पाथाखेड़ा में कार्यरत हैं. उनके सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम मंदाकिनी दर्ज हो गया है. जबकि मेरा सही नाम मंदाताई चिमोटे ही है. मेरे समस्त दस्तावेजों, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड, पेन कार्ड समग्र आईडी में मुझे मंदाताई के नाम से जाना, पहचाना जाता है जो कि पूर्णतः सत्य है.

पुराना नाम
**(मंदाकिनी)**

नया नाम
**(मंदाताई चिमोटे)**
**पत्नी श्री सुनील कुमार चिमोटे**
शोभापुर कॉलोनी, तह. घोड़ाडोंगरी,
जिला बैतूल.

(G-155)

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स KAILADEVI SPICES AND OILS जो जगदीश मंदिर दाल बाजार, ग्वालियर में स्थित है, जिसका पंजी. क्रमांक 02/42/01/0018/20 एवं दिनांक 29 मई 2020 है जिसमें दिनांक 7 जून 2021 को भागीदार श्री अर्जुन सिंह तोमर पुत्र श्री राघवेन्द्र सिंह तोमर, निवासी सैनिक कॉलोनी, पिण्टोपार्क मुरार अपनी स्वेच्छा से फर्म से पृथक् हो गए हैं, दिनांक 7 जून 2021 को भागीदार (1) श्री राजीव अग्रवाल पुत्र श्री ग्यासीलाल अग्रवाल, निवासी ठाकुर मोहल्ला, दत्त मंदिर के सामने, कम्पू लश्कर ग्वालियर, (2) श्री आशीष जैन पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार जैन, निवासी अनाज मण्डी रामलाल का बाड़ा, किलागेट ग्वालियर, (3) श्री नवीन जैन पुत्र श्री ओमप्रकाश जैन, निवासी जैन मंदिर के सामने, किलागेट ग्वालियर फर्म में नवीन भागीदार के रूप में सम्मिलित हो रहे हैं. आमजन एवं सर्वजन सूचित हों.

मै. KAILADEVI SPICES AND OILS<br>
**मिथिलेश अग्रवाल**<br>
(भागीदार)<br>
जगदीश मंदिर दाल बाजार,<br>
लश्कर ग्वालियर .

(G-156)

---

## आम सूचना

मेसर्स ग्लोबल इंटरप्राइजेज (बंगलो नंबर 5A, पदमसेठ कंपाउंड, कटंगा क्रासिंग, जबलपुर, मध्यप्रदेश 482002) जिसमें भागीदार, क्र. (1) श्री अब्दुल मतीन S/o स्व. श्री हाफ़िज अब्दुल कबीर क्र. (2) श्रीमती स्वलेहा तबस्सुम W/o श्री अब्दुल मतीन, क्र. (3) श्री अब्दुल समी S/o स्व. श्री हाफ़िज अब्दुल कबीर, क्र. (4) श्रीमती शगुफ्ता परवीन W/o श्री अब्दुल समी, क्र. (5) श्री शेख शफ़ीक S/o स्व. श्री शेख रफीक 01 अप्रैल 2010 से भागीदार रहे हैं. अब 01 अप्रैल 2021 से भागीदार क्र. (6) श्री मोहम्मद फ़ैज़ S/o श्री अब्दुल मतीन उक्त फर्म में शामिल हो गए हैं.

M/s GLOBAL ENTERPRISES<br>
**( मोहम्मद फैज )**<br>
PARTNER.<br>
बंगलो नंबर 5A, पदमसेठ कंपाउंड, कटंगा क्रासिंग, जबलपुर, मध्यप्रदेश—482002

(G-157)

---

## आम सूचना

मेसर्स राज कुमार जैन (पी-25 नमः निलय, नियर जैन मंदिर, शिव नगर, जबलपुर, म. प्र.—482002) जिसमें भागीदार क्र. (1) श्री राज कुमार जैन S/o श्री प्रेम चंद जैन, क्र. (2) श्री विनय कुमार जैन S/o श्री प्रेम चंद जैन, क्र. (3) श्रीमती नीलिमा जैन W/o श्री राज कुमार जैन, क्र. (4) श्री शैलेश जैन S/o स्व. श्री रजिंदर कुमार जैन 01 अप्रैल 2001 से भागीदार रहे हैं. अब 01 अप्रैल 2021 से भागीदार क्र. (2) श्री विनय कुमार जैन S/o श्री प्रेम चंद जैन उक्त रजिस्टर्ड फर्म से निकल गए हैं एवं श्री प्रभांशु राज जैन S/o श्री राज कुमार जैन उक्त फर्म में शामिल हो गए हैं.

मेसर्स राज कुमार जैन (पी-25 नमः निलय, नियर जैन मंदिर, शिव नगर, जबलपुर, म. प्र.—482002).

M/s Raj Kumar Jain<br>
**( राजकुमार जैन )**<br>
Civil Engineer & Contractor<br>
Jabalpur (M.P.).

(G-158)

## जाहिर सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म सक्षम इलेक्ट्रिकल्स एंड कॉन्ट्रैक्टर्स, पता-11, फेस-2, सागर आवन्यू, नरेला शंकरी, अयोध्या बायपास रोड, भोपाल, म. प्र. है, जिसका पंजीयन क्र. 01/01/01/0199/16, सन् 2016-2017, दिनांक 10 सितम्बर 2016 है, श्री राजीव रंजन पिता श्री महाराज सिंह और श्री शुभम श्रीवास्तव पिता श्री नारायण श्रीवास्तव द्वारा किया गया. इस फर्म में दिनांक 15 जून 2021 को श्री शुभम श्रीवास्तव पिता श्री नारायण श्रीवास्तव अपनी स्वेच्छा से पृथक् हो गये हैं, तथा दिनांक 15 जून 2021 को श्री नारायण श्रीवास्तव पिता श्री गोविन्दराम श्रीवास्तवा को फर्म में सम्मिलित किया गया है, वर्तमान में श्री राजीव रंजन तथा श्री नारायण श्रीवास्तव साझेदार रहेंगे, फर्म का पुराना पता बदलकर नया पता-प्लाट नं. 14, सेक्टर-ए, इंडस्ट्रियल एरिया बगरोदा, भोपाल, मध्यप्रदेश है.

(भागीदार) **राजीव रंजन**
सक्षम इलेक्ट्रिकल्स एंड कॉन्ट्रैक्टर्स.

(G 159)

---

## जाहिर सूचना

"हमारी फर्म-मे. लाईफ लाईन ग्रुप ऑफ हेल्थ, खंडवा जिसका फर्म रजि. क्र. 03/32/01/0194/19, दिनांक 27 नवम्बर 2019 है, जिसमें भागीदार-1. दीपक विश्वकर्मा एवं 2. श्रीमती सीमा सोलंकी थे. दोनों भागीदार अपनी स्वेच्छा से उक्त भागीदारी से पृथक् हो जाने से दिनांक 14 मई 2021 को फर्म स्वत: विघटित (भंग) हो गयी है. आजमन एवं सर्वजन को सूचित होवें."

खण्डवा
दिनांक 1 जून 2021

प्रार्थी
फॉर-मे. लाईफ लाईन ग्रुप ऑफ हेल्थ
1. **श्री दीपक विश्वकर्मा**
2. **श्रीमती सीमा सोलंकी**

(G-160)

# विविध
## न्यायालयों की सूचनाएं

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, अनुविभाग-पुनासा, जिला खण्डवा, मध्यप्रदेश

प्रकरण क्रमांक 003–बी–113(1)/2020–21

प्रारूप–चार

विज्ञप्ति

[मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 5 (2), एवं मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास नियम, 1962 के नियम 5 (1), के अन्तर्गत]

दिनांक 18 नवम्बर 2020 को जारी

आवदेक श्री जयपाल पिता कल्लासिंग पवार, निवासी ग्राम पुनासा, तह. पुनासा, जिला खंडवा द्वारा **''बंजारा समाज बहुउद्धेशीय विकास समिति पुनासा''** तह. पुनासा, जिला खंडवा, मध्यप्रदेश का पंजीयन न्यास के रूप में कराये जाने हेतु मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 की धारा 4 के तहत आवेदन पत्र पेश कर उक्त ट्रस्ट के पंजीयन हेतु निवेदन किया गया. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त आवेदन पत्र पर मेरे द्वारा न्यायालय में दिनांक 11 दिसम्बर 2020 को विचार किया जायेगा.

2. उक्त ट्रस्ट के कार्य अथवा संपत्ति से कोई व्यक्ति यदि हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन होने के एक माह के भीतर लिखित विवरण दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकता है. और वह स्वयं अथवा अधिवक्ता/अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित हो सकता है. समयावधि के समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा:—

अनुसूची

| | | |
|---|---|---|
| सार्वजनिक न्यास का नाम एवं पता | : | ''बंजारा समाज बहुउद्धेशीय विकास समिति पुनासा'' तह. पुनासा जिला खंडवा मध्यप्रदेश. |
| पता | : | ''बंजारा समाज बहुउद्धेशीय विकास समिति पुनासा'' तह. पुनासा जिला खंडवा मध्यप्रदेश. |

अनुसूची ''अ''

| | | |
|---|---|---|
| चल सम्पत्ति | : | नगद 1000–00 रुपये बैंक खाते में जमा |

अनुसूची ''ब''

| | | |
|---|---|---|
| चल सम्पत्ति : | : | —निरंक— |

**चन्दरसिंह सोलंकी,** अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक.

## न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, परगना-गुना

प्रारूप क्र. 4
[देखिए नियम-7 (1)]

गुना, दिनांक 12 मार्च 2021

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 के नियम 5 (1) के द्वारा]

न्यायालय लोक न्यासों का पंजीयक, परगना गुना, जिला गुना के समक्ष

प्रकरण क्र. 02 बी-113-20-21.—यत: कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गुना द्वारा **"श्री राम टेकरी मंदिर लोक न्यास गुना"** मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अन्तर्गत आवेदन अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति के लिये लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिये आवेदन किया है, एतद्द्वारा यह सूचना दिया जाता है कि कथित आवेदन पर 12 अप्रैल 2021 के दिवस पर मेरे न्यायालय में विचार में लिया जायेगा.

किसी आपत्तियां या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिये और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिश: अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जायेगा:—

अनुसूची
**(लोक न्यास का नाम और पता व सम्पत्ति का विवरण)**

| | | |
|---|---|---|
| लोक न्यास का नाम और पता | : | "श्री राम टेकरी मंदिर लोक न्यास गुना" |
| चल सम्पत्ति | : | — |
| अचल सम्पत्ति | : | — |

**अंकिता जैन,** अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार.

---

## न्यायालय, पंजीयक, सार्वजनिक लोक न्यास, उपखण्ड-नेपानगर, जिला बुरहानपुर

(नियम पाँच-1 देखिए)

(मध्यप्रदेश सार्वजनिक लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 4 के अन्तर्गत)

प्र. क्र. 2-बी-113-2020-21.—एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक न्यास के पंजीयक नेपानगर, जिला बुरहानपुर के समक्ष यह की आवेदक "NEPA LTD. EMPLOYEES GROUP GRATUITY TRUST" Admin. Building, Railway Station, Nepanagar 450221 Dist-Burhanpur (MP) द्वारा अध्यक्ष श्री अभिजीत चटर्जी, प्रबंधक, कार्मिक एवं प्रशासन, नेपा लिमिटेड, नेपानगर, जिला बुरहानपुर का लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 4 के अन्तर्गत अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपित्त के लिए "लोक न्यास" के रूप में पंजीकृत किए जाने के लिए आवेदन किया. एतद्द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पत्र दिनांक 28 मई 2021 मेरे न्यायालय में विचार में लिया गया है.

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिये और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिश: अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर विचार में नहीं लिया जावेगा :—

अनुसूची

**( लोक न्यास का नाम और पता सम्पत्ति का विवरण )**

1. नाम एवं पता "NEPA LTD. EMPLOYEES GROUP GRATUITY TRUST" Admin. Building, Railway Station, Nepanagar 450221 Dist-Burhanpur (MP).
2. वर्किंग ट्रस्टी एवं अध्यक्ष श्री अभिजीत चटर्जी, प्रबंधक, कार्मिक एवं प्रशासन, नेपा लिमिटेड, नेपानगर, जिला बुहरानपुर, मध्यप्रदेश.
3. चल संपत्ति—1,15,42,108/- A/C No. 951810100001001, बैंक ऑफ इंडिया, शाखा नेपानगर
4. अचल संपत्ति—

जारी दिनांक 28 मई 2021

**दीपक चौहान,** पंजीयक.

---

## कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, तहसील पंधाना

"प्रारूप-चार"

विज्ञप्ति

[मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 4 एवं मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास नियम, 1962 के नियम 5 (1), के अन्तर्गत]

दिनांक 10 मार्च 2021 को जारी

प्र. क्र. बी-113-2020-21.—जैसा कि, राजेश पिता कन्हैयालाल पटेल, अध्यक्ष एवं कार्यकारी न्यासी गुर्जर समाज मॉगलिक भवन न्यास ग्राम गौलजोशी तहसील पंधाना जिला खण्डवा द्वारा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 4 के अन्तर्गत कथित लोक न्यास के पंजीकरण के लिये अधिवक्ता श्री रजत सोहनी के माध्यम से आवेदन सह प्रारूप (न्यास का प्रारूप) प्रस्तुत किया है एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त आवेदन पत्र पर मेरे द्वारा न्यायालय में दिनांक 30 मार्च 2021 को विचार किया जायेगा.

2. उक्त ट्रस्ट के कार्य अथवा सम्पत्ति से कोई व्यक्ति यदि हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन होने के एक माह के भीतर लिखित विवरण दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकता है और वह स्वयं अथवा अधिवक्ता/अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित हो सकता है. समयावधि के समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा:—

अनुसूची

| | | |
|---|---|---|
| सार्वजनिक न्यास का नाम एवं पता | : | रेवा गुर्जर समाज मॉगलिक भवन ग्राम गौलजोशी पंचायत आबूद तहसील पंधाना |
| चल सम्पत्ति | : | नगद राशि 3,00,000/- तीन लाख रु. मात्र |
| अचल सम्पत्ति | : | निरंक |
| वार्षिक आय | : | 15000/- (पन्द्रह हजार रुपये मात्र) |
| वार्षिक व्यय | : | 15000/- (पन्द्रह हजार रुपये मात्र) |

**आरती सिंह,** अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक.

## कार्यालय, पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), मुंगावली, जिला अशोकनगर, (मध्यप्रदेश)

रतनचंद जैन मंत्री तारणतरण दि. जैन तीर्थक्षेत्र निसई जी ग्राम मल्हारगढ़ तहसील मुंगावली
आम विज्ञप्ति

प्र. क्र. 1 व 113-2021.—इस विज्ञप्ति द्वारा सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि तारण तरण दि. जैन निसई जी ग्राम मल्हारगढ़ तहसील मुंगावली की ओर से रतनचन्द जैन मंत्री द्वारा एक आवेदन इस न्यायालय में धारा 4 (3) लोक न्यास अधिनियम के तहत लोक न्यास के पंजीयन बाबत पेश किया गया है.

कि जिसमें संलग्न सूची अनुसूची क्र. (1) के अनुसार कुल 12 सदस्यों को ट्रस्ट के सदस्यों व पदाधिकारियों के रूप में नामित किया गया है व अनुसूची क्र (2) के अनुसार न्यास की सम्पत्तियों की विवरणी पेश की गई है तथा संलग्न सूची क्र. (3) के अनुसार न्यास की सम्पत्तियों का मूल्यांकन किया गया है.

कि इस बाबत् जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी लेखी आपत्ति स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 8 जुलाई 2021 को दिन के 11.00 बजे प्रस्तुत करें, बाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व प्रकरण में विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही की ओर न्यायालय अग्रसर होगा.

यह आम विज्ञप्ति मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से आज जारी की गई.
दिनांक
संलग्न : अनुसूची क्र. 01 से 3 तक

**राहुल गुप्ता**, पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.).

अनुसूची क्रमांक 1

| क्रमांक (1) | पद (2) | नाम (3) | पिता का नाम (4) | स्थान (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष | श्री अशोक कुमार जी जैन | श्री भगवानदास जी जैन | सागर |
| 2 | उपाध्यक्ष | श्री विकास जी समैया | श्री प्रकाशचन्द्र जी समैया | खुरई |
| 3 | मंत्री | श्री रतनचन्द्र जी जैन | श्री नाथूराम जी जैन | बसौदा |
| 4 | कोषाध्यक्ष | श्री आकाश कुमार जी समैया | श्री प्रकाशचन्द्र जी समैया | खुरई |
| 5 | सदस्य | श्री स्वदेश चन्द्र जी जैन | श्री हुकुमचन्द्र जी जैन | सागर |
| 6 | सदस्य | श्री डॉ. अतुल जी समैया | श्री तिलकचन्द्र जी समैया | सागर |
| 7 | सदस्य | श्री नवीन कुमार जी समैया | श्री ताराचन्द्र जी समैया | बीना |
| 8 | सदस्य | श्री दीपक कुमार जी जैन | श्री नवीन कुमार जी जैन | सागर |
| 9 | सदस्य | श्री अरविन्द कुमार जी समैया | श्री अमरचन्द्र जी समैया | भोपाल |
| 10 | सदस्य | श्री डॉ. सुमतप्रकाश जैन | श्री महेशकुमार जैन | विदिशा |
| 11 | सदस्य | श्री संयम कुमार जैन | श्री रतनचन्द्र जी जैन | भोपाल |
| 12 | सदस्य | श्री मनोहरलाल जी जैन | श्री सिं. नौखेलाल जैन | भोपाल |

**राहुल गुप्ता**, पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.).

## अनुसूची क्रमांक 2
## न्यास की चल सम्पत्ति का विवरण

| क्रमांक (1) | नाम (2) | संख्या (3) | राशि (4) |
|---|---|---|---|
| 1 | वैड | 100 | 80000.00 |
| 2 | गद्दा | 100 | 60000.00 |
| 3 | कम्बल | 100 | 20000.00 |
| 4 | तकिया | 100 | 8000.00 |
| 5 | वाल्टी स्टील | 40 | 4000.00 |
| 6 | मग्गा | 80 | 400.00 |
| 7 | पंखा | 50 | 45000.00 |
| 8 | टेविल | 15 | 7500.00 |
| 9 | कुर्सी | 15 | 2250.00 |
| 10 | सोफा स्टील | 4 | 20000.00 |
| 11 | स्टूल | 10 | 2000.00 |
| 12 | ऑक्सीजन सिलेन्डर | 5 | 6000.00 |
| 13 | सिलाई स्टेंड | 4 | 700.00 |
| 14 | एम्बूलेंस | 1 | 350000.00 |
| 15 | पल्स ऑक्सी मीटर | 1 | 600.00 |
| 16 | ग्लूकोमीटर | 2 | 2000.00 |
| 17 | अम्बुवेग | 5 | 1000.00 |
| 18 | ई सी जी मशीन | 1 | 21000.00 |
| 19 | गोदरेज (अलमारी) | 2 | 12500.00 |
| 20 | फ्रिज | 1 | 10000.00 |
| 21 | कूलर | 5 | 25000.00 |
| 22 | एल सी डी (टी. व्ही) | 1 | 10500.00 |
| 23 | व्हीलचेयर | 2 | 8000.00 |
| 24 | डस्टबिन | 15 | 4500.00 |
| 25 | इग्जमेसन टेबिल | 1 | 3000.00 |
| 26 | वेट मशीन | 2 | 1400.00 |
| 27 | बी पी मोनिटर पल्स ऑक्सीमीटर | 1 | 12000.00 |
| 28 | आटो रिफट्रो मीटर | 1 | 260000.00 |
| 29 | सिनालिन डेसटिन चार्ट | 1 | 2000.00 |
| 30 | ड्रेसिंग ट्राली मय सामान | 1 | 6000.00 |
| | | | कुल योग . . 985350.00 |

**राहुल गुप्ता,** पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.).

## अनुसूची क्रमांक 3
## न्यास की अचल सम्पत्ति का विवरण

चिकित्सालय पक्का निर्मित
सर्वे नं. 132 रकवा 5.195 हे. में से 103×80=8240
कीमत—1,35,00000/- एक करोड़ पैंतीस लाख रुपया

**राहुल गुप्ता,** पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.).

# न्यायालय, उपखण्ड अधिकारी-मझौली, जिला सीधी, मध्यप्रदेश

मझौली, दिनांक 11 जून 2021

फार्म-चार

'सूचना-पत्र'

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 5 (2) तथा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1962 के नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

प्र. क्र. 01-बी-113 (1) 2020-21.—सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मीरा गुप्ता पिता जमुना गुप्ता निवासी ग्राम-मझौली, तहसील मझौली, जिला सीधी (म.प्र.) न्यासधारी एवं अध्यक्ष द्वारा अखिल भारतीय सेवा संस्थान सिलवार, जिला-सीधी (म. प्र.) के पंजीयन हेतु मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 की धारा 4 के तहत सार्वजनिक न्यास के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति के लिये लोक न्यास के रूप में पंजीयन किये जाने का निवेदन किया गया है.

अत: मैं, अधोहस्ताक्षरकर्ता लोक न्यासों का पंजीयक मेरे न्यायालय में दिनांक 12 जुलाई 2021 को उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के द्वारा उक्त मामले की जांच करने को प्रस्तावित करता हूं.

उक्त आवेदन-पत्र न्यास गठन की कार्यवाही मेरे न्यायालय में प्रचलित है. यदि कोई व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार उक्त न्यास के गठन या पंजीयन के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपनी आपत्ति या सुझाव लिखित में इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस की अविध में दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिये और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिश: अथवा वकील या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/सुझाव को विचार में नहीं लिया जावेगा:—

अनुसूची

**(लोक न्यास का नाम, पता तथा सम्पत्ति का विवरण)**

| | | |
|---|---|---|
| न्यास का नाम | : | अखिल भारतीय मानव सेवा संस्थान सिलवार जिला सीधी (म. प्र.) |
| न्यास का पता | : | सिलवार, जिला सीधी (म. प्र.) |
| चल सम्पत्ति | : | 10,000.00 (दस हजार रुपये) |

यह सूचना आज दिनांक 11 जून 2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया.

**आनंद सिंह राजावत**, उपखण्ड अधिकारी.

# कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) एवं रजिस्ट्रार आफ पब्लिक ट्रस्ट बड़वानी, जिला बड़वानी

क्र. 3839-रीडर-1-2021 बड़वानी, दिनांक 23 जून 2021

फार्म-नंबर 4

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट रूल्स 5(1) के अन्तर्गत]

नोटिस

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं रजिस्ट्रार आफ पब्लिक ट्रस्ट बड़वानी के समक्ष

अध्यक्ष श्री अवधेश कैलाशचन्द्र कानूनगो निवासी सुखविलास कालोनी बड़वानी द्वारा नार्मदीय ब्राम्हण समाज सामाजिक न्यास बड़वानी का मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 एवं मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम 1962 के अन्तर्गत नार्मदीय ब्राम्हण समाज सामाजिक न्यास बड़वानी का पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है. जिसके कार्यकारी न्यासी और प्रबंध के नाम पे निम्नानुसार है:—

| | | |
|---|---|---|
| 01. | पुज्यनिय सलिल सरिता-मॉ नर्मदा | संरक्षक |
| 02. | कैलाशचन्द्र पिता केदारनाथ जोश जाति ब्राहम्ण आयु-80 वर्ष, धंधा-पेंशनर निवासी बड़वानी | संरक्षक |
| 03. | अवधेश पिता कैलाशचंद्र कानूनगो, आयु-43 वर्ष, धंधा-व्यापार निवासी सुखविलास कालोनी बड़वानी. | अध्यक्ष |
| 04. | जयदेव पिता शांतीलाल जोश, आयु-51 वर्ष, धंधा-व्यापार निवासी बड़वानी | उपाध्यक्ष |
| 05. | मनिष पिता संतोष जोशी, आयु-40 वर्ष, धंधा-नौकरी, निवासी बड़वानी | महामंत्री |
| 06. | अविनेष पिता कैलाशचंद्र जोशी, आयु-52 वर्ष, धंधा-नौकरी, निवासी बड़वानी | कोषाध्यक्ष |
| 07. | विपल्व पिता दोमोदर शर्मा, आयु-45 वर्ष, धंधा-नौकरी, निवासी बड़वानी | सदस्य |
| 08. | विवेक पिता त्रिभुवन मलतारे, निवासी बड़वानी | सदस्य |
| 09. | राहुल पिता जगदीश नेगी, निवासी बड़वानी | सदस्य |
| 10. | भुपेन्द्र पिता ओमप्रकाश विल्लौरे, निवासी बड़वानी | सदस्य |
| 11. | विपुल पिता दत्तात्रेय, निवासी बड़वानी | सदस्य |
| 12. | संदीप पिता राधेश्याम, निवासी बड़वानी | सदस्य |
| 13. | सुशिल पिता नटवरलाल डोंगरे निवासी पाटी | सदस्य |

न्यास के पदाधिकारियों का निर्वाचन कुल न्यासियों के बहुमत के आधार पर किया जायेगा. न्यास का नाम, पता एवं संपत्ति का विवरण निम्नानुसार है:—

| | | |
|---|---|---|
| लोक न्यास का नाम | : | नार्मदीय ब्राम्हण समाज सामाजिक न्यास बड़वानी |
| न्यास का कार्यालय | : | रेवांचल मांगलिक परिसर (नार्मदीय ब्राम्हण समाज धर्मशाला, बड़वानी इकाई) राजघाट रोड, बड़वानी जिला बड़वानी |
| न्यास कार्यक्षेत्र | : | संपूर्ण बड़वानी जिला बड़वानी |
| अचल संपत्ति | : | नार्मदीय ब्राम्हण समाज बड़वानी पदेन अध्यक्ष कैलाशचन्द्र पिता केदारनाथ जोशी निवासी बड़वानी वगैरह-1. |

ग्राम कस्बा बड़वानी पटवारी हल्का नम्बर 12 सर्वे नम्बर 209/2, 210, 212 कुल रकबा 3.78 पैकि रकबा 128×170 वर्गफिट.

उक्त पंजीयन के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह नोटिस के प्रकाशन के 01 माह की अवधि के भीतर 2 प्रतियों में मेरे समक्ष स्वयं या अधिकृत व्यक्ति अथवा जरिये अभिभाषक के न्यायालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत अविध के बाद प्रस्तुत किये जाने सुझाव अथवा आपत्ति पर कोई विचार/सुनवाई नहीं की जावेगी. आज दिनांक 23-6-2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है.

**घनश्याम धनगर,** अनुविभागीय अधिकारी.

# न्यायालयों की सूचनाएं

## न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पंजीयक, लोक न्यास, राजगढ़, जिला राजगढ़

राजगढ़, दिनांक 20 जनवरी 2021

फार्म-चार

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 5 (2) तथा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1962 के नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

रा.प्र.क्र. 0001-बी-113 (1) 2020-21.—सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक होकम साहू पिता स्व. दोलतराम साहू, निवासी जी-1 विक्रम मार्ग, गली नं. 1, वार्ड नं. 1, राजगढ़, तहसील राजगढ़, जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश न्यासधारी एवं अध्यक्ष द्वारा ''मनोकामना सिद्ध पीठ खेड़ापति हनुमान मन्दिर समिति'' कोठी बाग दरवाजे के सामने, खोयरी रोड, वार्ड क्र. 1, राजगढ़, जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश के पंजीयन हेतु मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 4 के तहत सार्वजनिक न्यास के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिए लोक न्यास के रूप में पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन किया है.

अतः, मैं अधोहस्ताक्षरकर्ता लोक न्यासों का पंजीयन मेरे न्यायालय में दिनांक 09 अगस्त 2020 को उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के द्वारा मामले की जांच कराने को प्रस्तावित करता हूँ.

उक्त आवेदन-पत्र न्यास गठन की कार्यवाही मेरे न्यायालय में प्रचलित है यदि कोई व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार उक्त न्यास के गठन या पंजीयन के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपनी आपत्ति या सुझाव लिखित रूप से इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस की अवधि में दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिये और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा वकील या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए, उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/सुझाव को विचार में नहीं लिया जावेगा:—

अनुसूची

**(लोक न्यास का नाम, पता तथा सम्पत्ति का विवरण)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | न्यास का नाम | : | मनोकामना सिद्ध पीठ खेड़ापति हनुमान मन्दिर न्यास |
| 2. | न्यास का पता | : | कोठी बाग दरवाजे के सामने, खोयरी रोड, वार्ड क्र. 1, राजगढ़, जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश. |
| 3. | चल सम्पत्ति का विवरण | : | सूची का अवलोकन कार्यालयीन समयावधि में किया जा सकता है. |
| 4. | अचल सम्पत्ति का विवरण | : | सूची का अवलोकन कार्यालयीन समयावधि में किया जा सकता है. |

यह सूचना आज दिनांक 20 जनवरी 2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी की गई.

**पल्लवी वैद्य,** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पंजीयक.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2021.

इसे वेबसाइट **www.govtpress.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

# मध्यप्रदेश राजपत्र

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 27] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 2 जुलाई 2021—आषाढ़ 11, शक 1943

## भाग 3 ( 2 )

### सांख्यिकी सूचनाएं

( कुछ नहीं )



नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2021.